सार-समाचार

बीएलओ टीम घर-घर व दुकान दुकान पहुंची

सूरौठ। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सूरौठ कस्बे में बीएलओ और सहायक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं के परिगणना प्रपत्र () भर रहे हैं। टीम दुकानों पर भी पहुंचकर लोगों से आवश्यक जानकारी जुटा रही है।शनिवार को भाग संख्या 122 के बीएलओ अनिल कुमार गुधैनिया और सहायक बीएलओ राजेंद्र कुमार ने बताया कि यह निरीक्षण कार्यक्रम वर्ष 2002 की मतदाता सूची को आधार मानकर चलाया जा रहा है। उस सूची में दर्ज परिवारों की जानकारी के अनुसार वर्तमान डेटा का सत्यापन किया जा रहा है।टीम के अनुसार, 2002 के बाद जिन मतदाताओं की शादी हुई है, उनकी पत्नी के परिवार-माता-पिता अथवा दादा-दादी-जिनके नाम 2002 की मतदाता सूची में दर्ज हैं, उनका रिकॉर्ड उपलब्ध कराने पर विवाहित महिलाओं का पंजीकरण भी आसानी से किया जा सकेगा।अधिकारियों ने कहा कि मतदाता स्वयं सही जानकारी देकर सहयोग करें, जिससे मतदाता सूची और अधिक सटीक भर सके। बीएलओ और सहायक बीएलओ ने परिगणना प्रपत्र () भरने में सहयोग के लिए नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

रानी लक्ष्मीबाई केन्द्र में संपन्न हुआ आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर

बयाना(निसं)। बयाना में रानी लक्ष्मीबाई केन्द्र राजकीय कन्याभरतपुर। स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित एक सप्ताह के आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. शिप्रा रानी पोद्दार ने की। शिविर में महिला पुलिस प्रशिक्षक श्रीमती निर्मला और श्रीमती मिथलेश ने छात्राओं को आत्मरक्षा तकनीकों और मार्शल आर्ट जैसी विविध कलाओं का प्रशिक्षण दिया। साथ ही संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में भी छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई। अंत में रानी लक्ष्मीबाई केन्द्र में पंजीकृत छात्राओं को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन रानी लक्ष्मीबाई केन्द्र समिति के संयोजक सुनील कुमार गुप्ता, सहा. आचार्य भूगोल एवं सह संयोजक विनोद सिंह और सहायक आचार्य हिन्दी के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर डॉ. नवनीत शर्मा (आचार्य संस्कृत), बालकृष्ण मीना (सहायक आचार्य अंठोजी), शिवलाल बैरवा, भरतलाल मीना, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रमोद सैनी सहित छात्राओं पूजा सैनी, अर्चना, संजना, गौरी, चंचल आदि उपस्थित रहे।

विद्यालयों में बाल डाक चौपाल का आयोजन

करौली, (निंसं.) राष्ट्रीय बाल दिवस पर अधीक्षक नरेश कुमार के निर्देशन में भारतीय डाक विभाग उप मंडल द्वारा करौली स्थित विद्यालयों में बाल डाक चौपाल का आयोजन किया गया जो शनिवार को भी जारी रही। चौपाल के तहत डाकघर टीम द्वारा विद्यालयों में सभी छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करवाए गए जैसे की चित्रकला, प्रश्नोतरी आदि। जिनमें बच्चों के साथ-साथ विद्यालय स्टाफ द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसी के साथ विद्यालयों में भारतीय डाक विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के लिए कैम्प लगाए गए जिनमें आधार सेवाएं, बचत सेवाएं एवं बीमा सेवाओं की सेवाओं से बच्चों को, स्टाफ को और अभिभावकों को इसके बारे में जागरूक किया गया और बच्चों के नए आधार बनाए गए। इस दौरान बालिकाओं के सुकन्या खाते खोले गए बालकों के पीपीएफ खाते खोले गए। 2 स्थानों पर डाक विभाग की कैनोपी लगाकर इन जन कल्याणकारी योजनाओं की आम जनता को भी जानकारी दी गई। नागरिक सेवाओं के लिए आधार कैम्प राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय वंशी का भाग बरखेडा एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेडा लेदिया कुड गाँव में लगाये गये।

झोलाछापों के खिलाफ विभाग सक्रिय

करौली (निंसं.)। मरीजों के स्वास्थ्य के प्रति झोलाछापों द्वारा किए जा रहे खिलवाड़ को रोकने के उद्देश्य से सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीना के द्वारा मामचारी, मनोहरपुर और राजौर में निरीक्षण दौरान मेडिकल की दुकान खोलकर इलाज करते हुए झोलाछाप पाए गए , जिन पर मेडिकल संचालक का कोई भी दस्तावेज मौजूद नहीं था।उन्हें दुकान बंद करने के लिए पाबंद किया गया और उनके खिलाफ क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। सीएमएचओ बताया कि उनके द्वारा पीएचसी महोली का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

तंबाकू सेवक न करने और तंबाकू सेवन छोड़ने के लिए विद्यार्थियों ने निकाली रैली

करौली (निंसं.)। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में तंबाक दुष्प्रभावों की जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों को तंबाकू दुष्प्रभावों के बारे में जागरुक कर तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई गई और विद्यार्थियों द्वारा तंबाकू के विरुद्ध जन चेतना रैली निकाली जा रही हैं। सीएमएचओ डॉ जयंतीलाल मीना ने बताया कि श्री कृष्ण शिक्षा समिति द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन सपोटरा ब्लॉक के विद्यालयों में किया गया, जहां तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान और गैर धूम्रपान क्षेत्र के फ्लेक्स बैनर सहित जागरुकता परक पंपलेट का वितरण किया गया और विद्यार्थियों द्वारा जनचेतना रैली निकालकर तंबाकू छोडने का संदेश प्रसारित किया। उन्होंने बताया कि जागरूकता कार्यक्रमों में तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों 9 इंडिकेटर्स की पालना,स्व आंकलन प्रपत्र जारी करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टोबैको फ्री यूथ चैंपियन 3.0 के अंतर्गत इन कार्यक्रमों से तंबाकू सेवन कर्ताओं में कमी आएगी।

150वीं जयंती पर प्रतियोगिता आयोजित

हिंडौन सिटी। राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर के निर्देशानुसार भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती व जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के जनजातीय समाज के उत्थान तथा राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में बिरसा मुंडा के अमूल्य योगदान को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. पप्पूराम कोली ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने स्वतंत्रता, आत्मसम्मान और राष्ट्र उत्थान के लिए जो मार्ग दिखाया, उस पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का आ ान किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. दिनेश कुमार मीना ने कहा कि बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व में स्वाभिमान, अन्याय के खिलाफ संघर्ष और राष्ट्रप्रेम जैसे गुण विद्यमान थे, जिनसे प्रेरणा लेना आवश्यक है। वहीं डॉ. अनिल अठावाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में बिरसा मुंडा जैसे कई महान नायकों को इतिहास में वह सम्मानपूर्ण स्थान नहीं मिल पाया, जिसके वे हकदार थे। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीतेश जैन ने बताया कि निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बिरसा मुंडा के जीवन, जनजातीय अधिकारों के प्रति उनके संघर्ष और राष्ट्रीय आंदोलन में उनके योगदान को प्रमुखता से प्रस्तुत किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शालिनी गुप्ता ने 'विकसित भारत 2047', 'आत्मनिर्भर भारत' एवं 'स्वदेशी' विषयक निबंध प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए, जिसमें प्रथम स्थान गिरीश कुमार, द्वितीय स्थान प्रशांत कौशिक और तृतीय स्थान नेहा गुप्ता ने प्राप्त किया। 'राष्ट्रीय आंदोलन में भगवान बिरसा मुंडा का योगदान' विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जबकि निबंध प्रतियोगिता में 14 विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. सुरेश चंद मीना, डॉ. महेश गर्ग, सहदेव सिंह, डॉ. श्रीनिवास गुर्जर, राजकुमारी, सुमित विरेटिया सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

चंबल के पुराने स्वरूप को बनाए रखने के लिए जन जागरण रैली होगी

कोटा, (निसं)। चंबल के पुराने स्वरूप को बनाए रखने के लिए हम लोग संस्था के सदस्यों ने नयापुरा में हाड़ौती किसान युनियन के महामंत्री दशरथ कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से यह सहमति बनी की चंबल में गिरने वाले गंदे नालों को रोका जाए एवं चंबल के पुराने स्वरूप को बनाए रखने के लिए आगामी दिनों में केशवराय पाटन में एक जन जागरण रैली का आयोजन किया जाऐं। इस अवसर पर संस्था के संयोजक डॉ.सुधीर गुप्ता, किसान नेता कुन्दन चीता, हाडौती पर्यावरण संरक्षण समिति के संभागीय अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित, सामाजिक कार्यकर्ता अरुण भार्गव, किसान नेता सुरेश गुर्जर, पूर्व वार्ड पार्षद शीतल मीणा, पूर्व पार्षद सुनीलराज, रईस खान, पंचायत समिति सदस्य हेमंत झाला, पर्यावरणविद् भीम सिंह कुंतल, सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद चतुर्वेदी, ने अपने-अपने विचार प्रकट किये।

भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज को एक नई दिशा दी

करौली (निंसं.) भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत देशभर की भांति करौली जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में सूचना केन्द्र के टाउनहॉल में जनजातीय गौरव दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राष्ट्र एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि माँ भारत के महान सपूत एवं आदिवासी समाज के गौरव भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज को एक नई दिशा दी एवं देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका निभायी, भगवान बिरसा मुंडा एक महान समाज सुधारक थे हम सभी को उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए, यह वर्तमान समाज में एक सकारात्मक संदेश देता है। उन्होंने जनजातियों को नशा खोरी जैसी बुराइयों को त्याग करने और लोगों को एकजुट रहकर सत्य के मार्ग पर चलने और ईश्वर की उपासना के लिए प्रेरित किया। उनकी विरासत आज जनजाति समाज के दिलों में जीवित हैं। उन्हें एक जननायक के रूप में याद किया जाता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि विकास के साथ हमें विरासत भी संजोके रखना है सदियों से आदिवासी समाज ने प्रकृति संस्कृति साहस और सत्य के मार्ग को विरासत के रूप में जीवंत रखा है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की पूरी जीवन यात्रा हमें यह सिखाती है कि समानता, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक एकता ही प्रगति का मार्ग है। राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा भी आज उनके आदर्शों से प्रेरित होकर जनजातीय समुदाय के कल्याण, युवाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और परंपरा के संरक्षण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। हमें इन्हें अधिक से अधिक लाभार्थियों तक पहुँचाना है ताकि भगवान बिरसा मुंडा का सपना समृद्ध, सशक्त और स्वाभिमानी समाज साकार हो सके। इस अवसर पर करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने केवल अपने समाज के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए संघर्ष किया। उन्होंने अत्याचार, शोषण और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाकर यह साबित किया कि एक सामान्य परिवार में जन्मा युवक भी देश और समाज में बड़े परिवर्तन ला सकता है। उनकी सोच और संघर्ष ने आदिवासी समाज में नई चेतना और आत्मसम्मान का संचार किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुती दी गई व उपस्थित लोगों द्वारा वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गीत का सामूहिक गायन किया गया। जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि 150 वर्ष पूर्व बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने जब वन्दे मातरम् की रचना की, तब उन्होंने केवल एक गीत नहीं लिखा, बल्कि राष्ट्र की आत्मा को स्वर दिया। यह गीत स्वतंत्रता संठाम की प्रेरणा बना, जिसने हर भारतीय के मन में मातृभूमि के प्रति प्रेम और त्याग की भावना जगाई। आइए, हम सब मिलकर यह प्रण लें कि अपने कर्म और परिश्रम से आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे।इससे पूर्व गृह, गोपलन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्सय विभाग के राज्य मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने जनजातीय गौरव एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबन्धित प्रदर्शनी का शनिवार को अवलोकन किया।

ब्रेललिपि का काम करने के बहाने महिलाओं से ठगी

■ थाने पर हंगामे के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया

कोटा, (निसं)। शहर में हजारों महिलाओं से ब्रेललिपि का काम कराने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। ब्रेललिपि का काम देने के बहाने उनसे पैसे लिए गए थे। इसमें हजारों रुपए देने का झांसा दिया गया था।

इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही हैं। आरोपी फरार है। दूसरी तरफ पीड़ित महिलाओं ने शनिवार को हंगामा कर दिया। पहले वे अनंतपुरा थाने पर पहुंची और थाने के बाहर जाम लगाया। वहां के थानाधिकारी के छुट्टी पर होने के चलते आरकेपुरम थाना अधिकारी महेंद्र मारू ने पूरा घटनाक्रम संभाला। अनंतपुरा थाने के सब इंस्पेक्टर रोहित कुमार ने बताया कि महिलाओं को एक कंपनी खोलकर झांसा दिया गया है। इस मामले में दीपक व अन्य व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उसके दस्तावेजों की जांच की जा रही है कि वह सही में दीपक है या कोई और व्यक्ति है। उसकी आईडी भी गलत हो सकती है। ऐसे में पूरे मामले में पड़ताल की जा रही है।

इस मामले में थाने पर पहुंची एक महिला ने बताया कि उन्हें दृष्टिबाधित दिव्यांगों के लिए पढ़ाई के कागज तैयार करने का कहकर झांसा दिया गया। इसमें ब्रेललिपि की एक डायरी दी गई थी। जिसमें 150 पेज भरने थे। उनके लिए पूरा किट दिया गया था। जिन महिलाओं ने यह 150 पेज भरकर दे दिए उन्हें 4 हजार रुपए का भुगतान भी कर दिया गया जबकि यह किट 2500 रुपए में हमें बांटा गया था। ऐसे में बड़ी संख्या में महिलाएं उनसे जुड़ती गई। इसी तरह से अन्य पीड़ित प्रमोद का कहना था कि अधिकांश गृहणी महिलाओं को इन्होंने ठगा है। शहर के अलग-अलग इलाकों की महिलाओं से अलग-अलग ऑफिस के जरिए यह ठगी की गई है।

करौली जिला पुलिस अधीक्षक ने किया रक्तदान शिविर के बैनर का विमोचन

■ भारत विकास परिषद् शाखा 23 नवंबर को आयोजित करेगी 59वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

हिंडौन सिटी। भारत विकास परिषद्, शाखा हिंडौन सिटी द्वारा आगामी 23 नवंबर (रविवार) को जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित किए जा रहे 59वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के बैनर का विमोचन शुक्रवार को करौली जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने किया।

एसपी सोनवाल ने रक्तदान को महान मानवीय कार्य बताते हुए कहा कि रक्तदान करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। इससे न केवल जरूरतमंद लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध हो पाता है बल्कि रक्तदाता को भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से कई लोगों की दुआएं मिलती हैं। उन्होंने कहा कि ब्लड बैंकों में रक्त की उपलब्धता बनी रहने से गंभीर दुर्घटनाओं के शिकार लोगों, असाध्य रोगियों तथा प्रसूति काल में महिलाओं को समय पर जीवनदायी रक्त मिल पाता है। परिषद् द्वारा वर्षों से किए जा रहे इस सामाजिक कार्य को उन्होंने मानवसेवा का सर्वोत्तम उदाहरण बताया। रक्तदान प्रभारी मोहित मित्तल ने बताया कि रमेश आयरन इंडस्ट्रीज के निदेशक भामाशाह अमित मसान द्वारा उनके पुत्र रचित अठावाल के जन्मदिन पर आयोजित इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के बैनर का विमोचन जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय, करौली में किया गया। इस अवसर पर शाखा उपाध्यक्ष नरेश रामपुरा, भामाशाह अमित मसान और पर्यावरण प्रभारी राजेन्द्र गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

मित्तल ने बताया कि परिषद् द्वारा विशेष परिस्थितियों में ब्लड बैंकों में रक्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं। विगत 20 वर्षों से परिषद् द्वारा रक्तदान प्रकल्प संचालित किया जा रहा है और संस्थान के सदस्यों तथा मातृशक्ति द्वारा निरंतर रक्तदान कर समाज को प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष यह परिषद् का चौथा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर होगा, जिसमें बड़ी संख्या में सदस्यों सहित नए व नियमित रक्तदाता हिस्सा लेंगे।

वैश्य समाज अन्नकूट महोत्सव व वैश्य महासंगम आज

कोटा, (निसं)। कोटा जिला वैश्य महासम्मेलन द्वारा वैश्य अन्नकूट महोत्सव व वैश्य महासंगम का भव्य आयोजन आज रविवार को सीएडी ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। मुख्य संयोजक महेश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे, अध्यक्षता कोटा उत्तर विधायक शांति धारीवाल होंगे। अति-विशिष्ट अतिथि शिक्षा मंत्री मदद दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक कोटा दक्षिण संदीप शर्मा, लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी होंगी। जिलाध्यक्ष दिनेश विजय ने बताया कि इस अवसर पर समाज की प्रतिभाएं जिसने समाज को गौरान्वित किया है।

युवक का शव पेड से लटका मिला

करौली, (निंसं.) करौली जिले के कुड़गांव थाना क्षेत्र में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतरवाया और कुड़गांव अस्पताल पहुंचाया। उन्होने बताया कि मृतक की पहचान कैला देवी थाना क्षेत्र के अस्थल-धोरेरी निवासी गहलोत सैनी (20) पुत्र बद्री सैनी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार गहलोत गुरुवार शाम करीब 5 बजे बिना बताए घर से निकला था।रात लगभग 7:30 बजे परिजनों ने उससे मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। चिंतित होकर परिजन कैलादेवी थाने पहुंचे। पुलिस की मदद से मृतक के मोबाइल की लोकेशन कुड़गांव-मंडावरा तालाब के पास मिली।ठामीणों ने रात भर तलाश की, लेकिन अंधेरे और घने पेड़ों के कारण कुछ पता नहीं चल सका। शुक्रवार प्रातः बूढ़ा मंडावरा स्थित हनुमान मंदिर से लौट रहे कुछ ठामीणों ने तालाब के पास पेड़ पर लटके शव को देखा और पुलिस को सूचित किया। सूचना पर कुड़गांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कुड़गांव अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमॉर्टम कराने की मांग की है। पुलिस ने प्राथमिक जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच में सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और ठामीणों के बयानों को शामिल किया जाएगा। मौत के कारणों और सही समय की पुष्टि पोस्टमॉर्टम और फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही की जाएगी।

हाईवे पर कट बंद करने से आमजन, विद्यार्थी परेशान

करौली, (निंसं.) हाईवे सड़क मार्ग के कट पर रेलिंग लगाकर शहर की सबसे बड़ी आधा दर्जन कॉलोनी वासियो सहित कई निजी विद्यालयों में अध्यनरत छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों की प्रशासन ने राह जोखिम भरी की रेलिंग लगाने का कॉलोनी वासियों ने विरोध किया। जिला मुख्यालय स्थित शहर के बीचो-बीच होकर निकल रहा हाईवे सड़क मार्ग अब प्रशासन ने शहर के लोगों को जोखिम भरा बनता देखा जा रहा है क्योंकि करीब एक दशक पूर्व सरकार द्वारा जनता की आवागमन सुविधाओं के लिए हाईवे सड़क मार्ग का निर्माण किया था उस दौरान हाईवे सड़क निर्माण के समय मैगजीन से लेकर मासलपुर नाका चुंगी तक रेलिंग लगाई गई और शहर की कॉलोनीयो के मुख्य प्रवेश द्वारों के सामने आमजन की आवागमन की सुविधा को देखते हुए कट लगाए गए थे जिससे कॉलोनी वासियों को आगमन की सुविधा मिल रही थी लेकिन अब बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन द्वारा शहर और कॉलोनी के प्रमुख आवागमन के मुख्य रास्तों के कट को रेलिंग लगाकर बंद किया जा रहा है।

जिससे लोगों का अब आवागमन जोखिम भरा होने की संभावना को लेकर लोग विरोध कर रहे हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार करौली हिंडौन सड़क मार्ग पर माथुर स्टेडियम से आगे लक्ष्मी मैरिज गार्डन के सामने हाईवे सड़क मार्ग पर पूर्व के कट को हाईवे सड़क मार्ग प्रशासन द्वारा रेलिंग लगाकर बंद किया जिसको लेकर शहर की सबसे बड़ी कॉलोनी विवेक विहार, अरावली नगर ,सरजू की बगीची सहित करीब आधा दर्जन कॉलोनी के लोगों एवं इन कॉलोनी में संचालित करीब आधा दर्जन निजी विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने कट को बंद करने का विरोध करते हुए बताया कि इस कट को बंद करने से लोगों को कट से करीब डेढ़ किलोमीटर दूरी मासलपुर चुंगी से वापस लौटकर विवेक विहार कॉलोनी, सर्दू की बगीची आदि कॉलोनीयों और स्कूली बालको एवं अभिभावकों को आना होगा इसी प्रकार विवेक विहार, सरजू की बगीची सहित कई कॉलोनी के लोगों और स्कूली वालको एवं अभिभावकों को इस कट से गुलाब बाग सर्किल पहुंचकर वापस सामने स्थित कॉलोनी अरावली नगर में स्थित विद्यालयों में अध्ययन के लिए जाना पड़ेगा जिससे लोगों को बाहरी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा कॉलोनी वासियों का कहना है कि इस कट पर कभी कोई दुर्घटनाएं नहीं हुई है लेकिन अब इस कट को बंद करने से दुर्घटनाओं की संभावनाएं है उधर इस मामले में एन एच के अधिशासी अभियंता से दूरभाष पर हुई वार्ता में उन्होंने कहा की सड़क सुरक्षा अभियान को मध्य नजर रखते हुए और बढ़ती दुर्घटना की रोकथाम के लिए बीच-बीच में लगे कटों को बंद किया जा रहा है।

बैंक अधिकारी धारा सिंह मीणा निलंबित

करौली, (निंसं.) उपखंड सपोटरा की ठाम पंचायत कालागुड़ा के ठाम गोरेहार निवासी राजस्थान ठामीण बैंक में कार्यरत अधिकारी धारा सिंह मीणा को गंभीर अनियमितताओ के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया हैं। राजस्थान ठामीण बैंक के महाप्रबंधक श्याम सुंदर बच्चानी के द्वारा जारी ई-परिपत्र आदेश में परिसम्पत्ति प्रबंधन सह विपणन केंद्र-राजस्थान ठामीण बैंक सोजत सिटी जिला पाली में कार्यरत अधिकारी स्केल प्रथम धारा सिंह मीणा द्वारा तत्कालीन जयपुर थार ठामीण बैंक एवं राजस्थान मरुधरा ठामीण बैंक में किए गए गंभीर कृतों के क्रम में तत्कालीन जयपुर थार ठामीण बैंक सेवा विनियम 2010 तथा राजस्थान ठामीण बैंक सेवा विनियम 2010 एवं सपठित राजस्थान ठामीण बैंक सेवा (संशोधन) विनियम 2019 के विनियम 46 के अंतर्गत अधिकारी स्केल प्रथम धारा सिंह मीणा को तुरंत प्रभाव से बैंक सेवा से निलंबित कर दिया गया है।और सभी शाखा प्रबंधक/प्रभारी/क्षेत्रीय प्रबंधक/विभागाध्यक्ष/सहायक महाप्रबंधक को ई- परिपत्र की विषय वस्तु को अपने अधीन कार्यरत सभी कार्मिकों के ध्यान में लाया जाना सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है।सूत्रों से खबर है कि धारा सिंह मीणा ने बैंक भर्ती परीक्षा में अपने स्थान पर किसी डमी व्यक्ति को बैठाकर परीक्षा पास की थी और जाली दस्तावेज प्रस्तुत कर नाजायज तरीके से नौकरी हड़पी गई थी।उल्लेखनीय है कि धारा सिंह मीणा के किसी अन्य महिला के साथ नाजायज अनैतिक शारीरिक संबंध थे जिनके चलते स्वतंत्र रिश्ता कायम करने के लिए महिला के साथ मिलकर महिला के पति को जान से मारने की साजिश भी रची थी पर महिला के पति को समय रहते षड्यंत्र का पता चल गया और उसने छुटकारा पाने के लिए पारिवारिक न्यायालय में विवाह विच्छेद अर्जी लगा दी न्यायालय ने सभी आरोपो को सही मानते हुए तलाक अर्जी स्वीकार कर महिला व पति के विवाह को विखंडित कर दिया था।विवाह विच्छेद अर्जी को न्यायालय से वापस लेने का दबाव बनाने के लिए उस महिला के साथ मिलकर धारा सिंह व इसके परिजनों के द्वारा महिला को प्रभाव में लेकर महिला के जेठ व भतीजे एवं परिवार के सदस्यों पर एक से अधिक पुलिस थानों में बलात्कार व विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज करवाए थे परंतु वे भी पुलिस जांच में सब झूठे निकले।

चिकित्सा अधिकारियों व कार्मिकों ने शपथ ली

छबड़ा (निसं)। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को उपजिला चिकित्सालय में डॉ. हरिआम गोयल प्रमुख चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में यहां कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वदेशी संकल्प की शपथ दिलवाई व सामूहिक राष्ट्रीय गीत का गायन, स्वदेशी उत्पादों में कारीगरों, किसानों व उद्यमियों का समर्थन को बढ़ावा देने एवं विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता करने की शपथ दिलवाई गई।

एक माह बाद भी आरोपी गिरफ्त से बाहर, पीड़ित ने करौली एसपी को सौंपा ज्ञापन

हिंडौन सिटी। थाना सदर हिंडौन क्षेत्र के छत्रीपुरा निवासी धर्मसिंह पुत्र नत्थीलाल जाटव पर हुए कथित जातिगत हमले के मामले में एक माह बाद भी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर पीड़ित पक्ष में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के संभाग प्रभारी भरतपुर रिंकू कुमार जाटव उर्फ रिंकू खेड़ी हैवत के नेतृत्व में जिला पुलिस अधीक्षक करौली को ज्ञापन सौंपा गया।

पीड़ित धर्मसिंह ने एफआईआर संख्या 461/2025 दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि 22 अक्टूबर 2025 की रात करीब 11 बजे कुछ जातिवादी हमलावरों ने रास्ते में ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाकर उसका रास्ता अवरुद्ध कर दिया और एक राय होकर उस पर हमला किया। मारपीट के दौरान हमलावरों ने उसकी गर्दन से करीब 5 तोला सोने की चैन जबरदस्ती तोड़कर ले ली। पीड़ित पक्ष का कहना है कि घटना को लगभग एक महीना बीत चुका है, लेकिन संबंधित अनुसंधान अधिकारी ने अब तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। उल्टा पीड़ित परिवार पर समझौते का दबाव बनाया जा रहा है, जिससे परिवार में भय और असुरक्षा की स्थिति बनी हुई है।

उमंग सीएलएफ राजीविका करौली
बागडी हॉस्पीटल के पीछे मीणा कॉलोनी करौली
क्रमांकः-104 दिनांकः15.11.2025
संशोधित भर्ती विज्ञापन
राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद द्वारा क्रमोन्नत निम्न सीएलएफ (ब्लॉक करौली) में बेसिस आधारित निम्न अस्थाई पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते है। ब्लांक करौली उमंग सीएलएफ करौली कलस्टर कोर्डिनेटर 01 पद लेखपाल 01 पद एआरपी-01 पद चंद्रमुखी सीएलफ गुनेसरा कलस्टर मैनेजर-01 पद कलस्टर कोर्डिनेटर-02 पद लेखपाल-01 पद एआर पी-01 पद उन्नति सीएलएफ कैलादेवी कलस्टर कोर्डिनेटर-01 अस्थाई पदों के लिए आवेदन पत्र दिनांक 16-11-2025 से दिनांक 30-11-2025 दोपहर 1.00 बजे तक उमंग सीएलएफ बागडी हॉस्पीटल के पीछे मीणा कॉलोनी गुलाब बाग करौली में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन शुल्क 200 रूपया दो सौ रूपया है। योग्यता एवं भर्ती शर्तों की विस्तृत जानकारी उमंग सीएलएफ, राजीविका करौली में देखी जा सकती है। मो. नं. 9887519419, 8000133409 पर प्राप्त की जा सकती है।
उमंग सीएलएफ करौली

करौली विधायक के आवास पर हुई एसआईआर बैठक आयोजित

करौली, (निंसं.) करौली विधानसभा श्रेत्र की बीएलए -2 की बैठक आज सायं 4:30 बजे करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर के आवास पर हुई आयोजित बैठक की इस एसआईआर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भरतपुर संभाग की सहप्रभारी श्रीमती नीलम गुर्जर,विशिष्ट अतिथि करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर रहें , कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन के द्वारा की गई।

सर्वप्रथम प्रथम कार्यक्रम शुभारंभ करने से पहले भारत माता के चित्र पथ पर दीप प्रज्वलित कर - पुष्प माला पहनाकर, वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया संयोजक मुकेश सालौत्री ने बताया कि एसआईआर के कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की पूर्व प्रदेश मंत्री एवं भरतपुर संभाग की सह प्रभारी श्रीमती नीलम गुर्जर ने कहा कि योग्य व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए - अयोग्य व्यक्ति आना नहीं चाहिए, प्रत्येक पदाधिकारी कार्यकर्ता को करना होगा पन्ना प्रमुख की तरह कार्य, फर्जी लोगों पर रखना होगा विशेष ध्यान, करौली जिले में पांच पांच पदाधिकारी की टीम बन चुकी है जो इसकी पूर्ण तरह निगरानी रखेगी, भूत लेवल स्तर तक मंडल स्तर तक एवं जिला